# हिन्दी > HINDI

U.S. CAPITOL
पर्यटक केंद्र
www.visitthecapitol.gov

# अमेरिका के संसदभवन का भ्रमण

## अमेरिका के संसदभवन में आपका स्वागत है

### सामान्य भ्रमण सूचना

- ऐतिहासिक संसदभवन के संचालित भ्रमण की शुरुआत एक संक्षिप्त परिचायक फ़िल्म से होती है. भ्रमण अंग्रेजी में है. हालांकि अन्य भाषाओं में फिल्म के अनुवादों सहित हेडसेट उत्तरी और दक्षिणी सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं.
- संसदभवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु, आप अपने पूरे भ्रमण के दौरान अपने निर्धारित पर्यटक गाइड के साथ ही रहें.
- भ्रमण के दौरान कोई सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं हैं. परिचायक फ़िल्म देखने के लिए ओरिएंटेशन थियेटर में प्रवेश करने से पहले कृपया संसदभवन पर्यटक केंद्र में उपलब्ध अनेकों शौचालयों का लाभ उठायें.
- भ्रमण के दौरान कृपया किसी मूर्ति या पेंटिंग को हाथ न लगाएं, केवल उनकी सराहना करें.
- कृपया फ़र्श पर न बैठें – आपके उपयोग के लिए सम्पूर्ण संसदभवन पर्यटक केंद्र में अनेकों बेंच उपलब्ध हैं.
- यदि आपको किसी भी कारण से चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया अपने पर्यटक गाइड या अमेरिकी संसदभवन के पुलिस अधिकारी को बताएं.

**अपने भ्रमण की समाप्ति पर**
कृपया यह कार्ड अपने पर्यटक गाइड को लौटा दें.
(यह स्व-निर्देशित भ्रमण नहीं है.)



**केवल कुछ क्षेत्रों को छोड़कर,** अमेरिकी संसदभवन के आपके सम्पूर्ण भ्रमण के दौरान ***फ़ोटोग्राफ़ी की अनुमति है.***
संसदभवन पर्यटक केंद्र के भीतर, कृपया प्रदर्शनी कक्ष या ओरिएंटेशन थियेटर में फ़ोटो न खींचें. **फ़ोटो खींचने के लिए कृपया अपने ग्रुप को छोड़ कर न जायें.** आपके पर्यटक गाइड से कहा गया है कि वह अमेरिकी संसदभवन पुलिस द्वारा निर्धारित मार्ग पर ही भ्रमण कराये.





रोटंडा (गोल-कक्ष) की छत के नीचे टंगा हुआ बड़ा तिरपाल संसदभवन के गुम्बद की जीर्णोद्धार परियोजना का अंग है. ढलवां लोहे से 150 वर्ष पूर्व निर्मित गुम्बद में अब 1,300 दरारें आ चुकी हैं. इसकी मरम्मत की परियोजना चल रही है. रोटंडा में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह तिरपाल टांगी गयी थी ताकि मरम्मत के दौरान टूट कर या अन्यथा कोई चीज़ गिरे तो तिरपाल उसे रोक ले.

## क्रिप्ट



संसदभवन की पहली मंज़िल पर बड़े वृत्ताकार क्षेत्र को क्रिप्ट (गुहागृह) कहा जाता है. रोटंडा का फ़र्श बलुआ पत्थर के 40 डोरिक (यूनानी शैली के) स्तंभों पर टिका हुआ है जिनके ऊपर रेतीले पत्थर के उरु-मूल मेहराब बने हुए हैं. इमारत का यह मध्य-भागीय खंड 1827 में बनकर तैयार हुआ था. फ़र्श के बीच में बना सितारा उस बिंदु को निर्दिष्ट करता है जहाँ से वाशिंगटन डी.सी. की गलियों के स्थल और पहचान नंबर निर्धारित किए गए हैं.



राष्ट्रीय मूर्तिसंग्रह हॉल संकलन से क्रिप्ट में स्थित 13 मूर्तियां मूल 13 कॉलोनियों का प्रतिनिधित्व करती हैं.



क्रिप्ट में प्रदर्शित मैग्ना कार्टा (महाधिकार पत्र) उस अंग्रेज़ी दस्तावेज़ की प्रतिकृति प्रस्तुत करता है जिसके सिद्धांत संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकांश संविधान का आधार हैं. यह सम्पूर्ण प्रदर्शन कलाकार लुईस औस्मन ने इंग्लैंड में तैयार किया था और अमेरिकी स्वाधीनता की द्विशत्वार्षिकी मनाने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा 1976 में उपहार स्वरुप संयुक्त राज्य अमेरिका को दिया गया था.



एब्राहम लिंकन की यह मुखाकृति गटज़न बोर्गल्म द्वारा निर्मित है जो माउन्ट रशमोर, साऊथ डकोटा, स्थित अपनी मूर्तिकला के लिए सर्वाधिक विख्यात है.

## रोटंडा

**संसद भवन का रोटंडा** एक गोल कमरा है जिसका व्यास 96 फीट और ऊँचाई 180 फीट है और यह संसद भवन के केंद्र में स्थित है. रोटंडा का इस्तेमाल महत्वपूर्ण समारोहों के लिए किया जाता है, जैसे कि विशिष्ट नागरिकों के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शनों या कलाकृतियों के उद्घाटन के लिए. रोटंडा की छत इतालवी-अमेरिकी कलाकार कौन्स्टेंटीनो ब्रूमीडी के भित्तिचित्र से सजी हुई है जिसका शीर्षक है "अपोथिओसिस ऑव वाशिंगटन". रोटंडा में आप ऐतिहासिक पेंटिंग्स और एक भित्तिचित्रित समूह, या "चित्रवल्लरी" देखेंगे जो अमेरिकी इतिहास की प्रमुख घटनाओं को चित्रित करती है.



जॉर्ज वाशिंगटन की यह प्रतिमा राष्ट्रीय मूर्तिसंग्रह हॉल संकलन को 1934 में वर्जीनिया द्वारा दी गयी थी. जॉर्ज वाशिंगटन सर्वसम्मति से संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति चुने गए थे.

रोटंडा में स्थित मूर्तियां और मुखाकृतियाँ मुख्यतः राष्ट्रपतियों की हैं जिनमें एंटोएन हूडन द्वारा निर्मित जॉर्ज वाशिंगटन की मूर्ति शामिल है. एब्राहम लिंकन की संगमरमर की मूर्ति विनी रीम द्वारा निर्मित है, जो सरकारी कमीशन प्राप्त करने वाली पहली महिला कलाकार हैं. रोटंडा में जिन अन्य राष्ट्रपतियों को मूर्तियों से सम्मानित किया गया है उनमें ड्वाइट डेविड आइज़नहावर, जेम्स गारफ़ील्ड, यूलिसिस एस ग्रांट, एंड्रयू जैक्सन, टॉमस जैफेर्सन, रॉनल्ड रेगन, और जेरल्ड फ़ोर्ड शामिल हैं. रोटंडा स्थित मूर्तिकला में एलेक्ज़ेंडर हैमिल्टन, डाक्टर मार्टिन लूथर किंग, जूनियर का चित्रण तथा लुक्रेशिया मौट, एलिज़ाबेथ केडी स्टेनटन, और सूज़ेन बी एन्थनी के स्मारक चित्रण भी शामिल हैं.



मार्टिन लूथर किंग, जूनियर, की इस आवक्ष मूर्ति का अनावरण 16 जनवरी, 1986 को, डॉक्टर किंग की 57वीं वर्षगांठ पर किया गया था, और **स्थायी रूप से 1989 में रोटोंडा में स्थापित किया गया.**



रोटंडा की छत के नेत्र गोलक में 1865 में कौन्स्टेंटीनो ब्रुमीडी द्वारा चित्रित अपोथिओसिस ऑव वाशिंगटन में स्वतंत्रता और विजय/कीर्ति का प्रतिनिधित्व करने वाली नारी-आकृतियों के पार्श्व में तथा अन्य आकृतियों के छ: समूहों से घिरे जॉर्ज वाशिंगटन को यशस्वी रूप में स्वर्ग की ओर आरोहण करते दिखाया गया है. यह भित्तिचित्र 4,664 वर्ग फीट के क्षेत्र में फैला हुआ है.

रोटंडा में फ्रेम किये हुए आठ आलों में विशाल ऐतिहासिक पेंटिंग्स लगी हुई हैं. संसद ने 1817 में जॉन ट्रम्बुल को क्रांतिकारी काल के चार दृश्यों को चित्रित करने का कार्य सौंपा था: स्वाधीनता की उद्घोषणा, जनरल बर्गोएन का आत्म-समर्पण, लौर्ड कॉर्नवालिस का आत्म-समर्पण, और अपने कमीशन से त्यागपत्र देते हुए जॉर्ज वाशिंगटन. ये 1819 और 1824 के बीच रोटंडा में स्थापित किये गए थे. 1840 और 1855 के बीच आरंभिक खोजयात्रा के चार दृश्य शामिल किये गए: जॉन वैन्डरलिन द्वारा निर्मित कोलंबस का अवतरण, विलियम पॉवल द्वारा निर्मित मिसिसिपी की खोज, जॉन चैपमैन द्वारा निर्मित पोकाहोंटास का बैपटिज़्म, और रॉबर्ट वेयर द्वारा निर्मित पिल्ग्रिम्ज़ का पोतारोहण.



यह पेंटिंग 28 जून 1776 के उस क्षण को चित्रित करती है जब स्वतंत्रता की उद्घोषणा का प्रथम मसौदा द्वितीय महाद्वीपीय कॉंग्रेस के सम्मुख प्रस्तुत किया गया था. उस दस्तावेज़ में वे सिद्धांत लिखे गए थे जिनके लिए क्रान्तिकारी युद्ध लड़ा जा रहा था और जो आज भी इस राष्ट्र के लिए मूल-सिद्धांत बने हुए हैं. एक सप्ताह से भी कम समय बाद 4 जुलाई, 1776,को वह उद्घोषणा औपचारिक रूप से स्वीकार कर ली गयी.



अपने कमीशन से त्यागपत्र देते हुए जॉर्ज वाशिंगटन, जॉन ट्रम्बुल द्वारा निर्मित यह पेंटिंग 23 दिसम्बर, 1783 के उस दृश्य को चित्रित करती है जब एनापोलिस में मेरीलैंड राज्य सभा सदन में जॉर्ज वाशिंगटन ने महाद्वीपीय सेना के कमांडर-इन-चीफ़ के अपने कमीशन से त्यागपत्र दिया था. उनका यह क़दम सेना के ऊपर नागरिक सत्ता को स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण था, जो अमेरिकी लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धांत है.



जनरल बर्गोएन का आत्म-समर्पण



लौर्ड कॉर्नवालिस का आत्म-समर्पण



कोलंबस का अवतरण



डि सोटो द्वारा मिसिसिपी की खोज



पोकाहोंटास का बैपटिज़्म



पिल्ग्रिम्ज़ का पोतारोहण

# राष्ट्रीय मूर्तिसंग्रह हॉल

**राष्ट्रीय मूर्तिसंग्रह हॉल,** जो प्रतिनिधि सभा के पुराने हॉल के नाम से भी जाना जाता है, रोटंडा के दक्षिण में स्थित एक बड़ा, दो-मंज़िला, अर्ध-वृत्ताकार कमरा है. यह ऐतिहासिक स्थल लगभग 50 वर्षों (1807-1857) तक अमेरिका की प्रतिनिधि सभा का बैठक स्थल हुआ करता था, और अब राष्ट्रीय मूर्तिसंग्रह हॉल संकलन के मुख्य प्रदर्शन स्थल के रूप में इसका उपयोग किया जाता है. इस संकलन में वे मूर्तियां शामिल हैं जो अलग अलग राज्यों ने अपने इतिहास में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले लोगों के सम्मान में प्रदान की हैं. सम्पूर्ण संकलन में अब 100 मूर्तियां शामिल हैं जो 50 राज्यों ने प्रदान की हैं. सभी राज्यों ने दो-दो मूर्तियों का योगदान किया है.

संसद भवन में सबसे सुंदर और मनोहर मूर्तियों में से एक, कार्लो फ्रंज़ोनी द्वारा रचित इतिहास की कार, संसदभवन रोटंडा के प्रवेश द्वार के ऊपर स्थापित है. संगमरमर की इस नव-क्लासिकी मूर्तिकला में इतिहास की कलादेवी क्लियो को समय के रथ पर सवार तद्कालीन प्रतिनिधि सभा-भवन की घटनाओं को अंकित करते चित्रित किया गया है. रथ के पहिये में साइमन विलर्ड द्वारा निर्मित सभा-भवन की घड़ी समाहित है. यद्यपि प्रतिनिधि सदन का बैठक-स्थल 1857 में वहां से हट गया था, घड़ी अब भी प्रतिनिधि सभा-भवन के एक द्वार के सामने है.



छायाचित्रण संसदभवन के वास्तुकार द्वारा, जब तक अन्यथा न बताया गया हो.

# भ्रमण के पश्चात



### प्रदर्शनी हॉल

अपने भ्रमण के पश्चात, संसदभवन पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल में प्रदर्शनी हॉल का जायज़ा लेने के बारे में विचार करें. देश में यह एकमात्र ऐसी प्रदर्शनी है जो संसद और अमेरिकी संसदभवन के निर्माण की कहानी बयान करने के प्रति समर्पित है. प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं राष्ट्रीय अभिलेखागार तथा संसद की लाइब्रेरी से ऐसे ऐतिहासिक दस्तावेज़ जो बिरले ही दिखाई देते हैं, देश भर से जुटाई गई कलाकृतियाँ, और संसदभवन के गुम्बद का 11 फ़ुट ऊंचा नमूना जिसे छुआ जा सकता है. अन्य भाषाओं में प्रदर्शनी हॉल का विवरण देने वाले हेड-सैट उत्तरी और दक्षिणी सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं.

प्रदर्शनी हॉल अथवा सेनेट और प्रतिनिधिसदन दर्शक-दीर्घाओं में **फ़ोटोग्राफ़ी की अनुमति नहीं है.**

### संसद को सत्र के दौरान देखना

सेनेट और प्रतिनिधि सदन की दर्शक दीर्घाएं उस दौरान पर्यटकों के लिए खुली होती हैं जब सदन का सत्र चल रहा हो; किन्तु ये दीर्घाएं अमेरिकी संसदभवन के पर्यटन में शामिल नहीं हैं. इसके लिए प्रवेशपत्र (पास) की ज़रूरत होती है, और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक संसदभवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर सेनेट और प्रतिनिधि सदन के एपोइंटमेंट (समय-नियतन) डेस्कों पर प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं. जब प्रतिनिधि सदन का सत्र न चल रहा हो, तो प्रवेशपत्र धारी पर्यटकों को प्रतिनिधि सदन दीर्घा में सुबह 9 बजे से तीसरे पहर 4.15 बजे तक प्रवेश दिया जाता है. जब सेनेट का सत्र न चल रहा हो, तो एक सप्ताह या उससे अधिक के निर्धारित अवकाशों के दौरान सेनेट की दर्शक दीर्घा खुली रहती है, और प्रवेशपत्र धारी पर्यटकों को सुबह 9 बजे से तीसरे पहर 4.15 बजे तक प्रवेश दिया जाता है. दोनों दीर्घाओं में प्रवेश का मार्ग संसदभवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर है.

### उपहार दुकानें और रेस्टोरेन्ट

संसदभवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर स्थित दो उपहार दुकानों में संसद भवन की कला और वास्तुकला से प्रेरित चीज़ों के अनूठे चुनिन्दा नमूने उपलब्ध हैं. सभी सामग्रियां अमेरिका में निर्मित हैं. संसदभवन पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर स्थित संसदभवन पर्यटक केंद्र रेस्टोरेन्ट में ताज़ा बने सूप, सलाद, मिठाइयां,और पेय पदार्थ उपलब्ध हैं.

### स्मरण रहे

कृपया याद रखें कि यह अनिवार्य है कि पूरे दौरे में आप **अपने निर्धारित पर्यटक गाइड और ग्रुप के साथ ही रहें.** कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो जाने की सूरत में, आपका पर्यटक गाइड अमेरिकी संसदभवन पुलिस के निर्देश आप तक पहुंचाएगा.

## धन्यवाद!

अमेरिकी संसदभवन की यात्रा करने के लिए आपका धन्यवाद! कृपया समापन के बाद यह कार्ड अपने पर्यटक गाइड को लौटा दें. सूचना डेस्कों पर और संसद भवन केंद्र के प्रवेश और प्रस्थान द्वारों के निकट आपको अलग अलग अनेक भाषाओं में विवरणिकाएं मिलेंगी.

अमेरिकी संसदभवन पर्यटक यात्राओं के अल्पकालिक स्थगन या संशोधन के अधीन है.

U.S. CAPITOL
पर्यटक केंद्र

*www.visitthecapitol.gov*

CVC 16-026 EDITION II